Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 12 अगस्त, 2023

NavIC को आधार नामांकन प्रणाली के साथ एकीकृत करना

- **अंतरिक्ष विभाग (DoS)** आधार नामांकन उपकरणों के साथ भारत के स्वदेशी उपग्रह नेविगेशन सिस्टम, NavIC (भारतीय तारामंडल में नेविगेशन) के एकीकरण का समन्वय कर रहा है।
    - NavIC, जिसमें सात उपग्रह शामिल हैं, भारत के **अमेरिकी GPS के समकक्ष है, जो अवस्थिति और नेविगेशन सेवाएँ प्रदान** करता है।
    - NavIC नागरिक उपयोग के लिये **मानक स्थिति सेवा (SPS) और रणनीतिक अनुप्रयोगों हेतु प्रतिबंधित सेवा (RS)** प्रदान करता है।
    - NavIC (नाविक) कवरेज क्षेत्र में भारत और भारतीय सीमा से 1,500 किमी. दूर तक का क्षेत्र शामिल है।
    - NavIC ने प्राकृतिक आपदाओं के लिये चेतावनी के प्रसार में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) और **भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना प्रणाली (INCOIS)** जैसी एजेंसियों की सहायता कर आपदा प्रबंधन में उपयोगिता सिद्ध की है।
- इस कदम में **NavIC के साथ काम करने के लिये आधार नामांकन किट को अपनाना, सटीकता और कार्यक्षमता** को बढ़ाना शामिल है।

और पढ़ें... NavIC (नाविक)

भारत, जापान और श्रीलंका के बीच त्रिपक्षीय सहयोग

- कोलंबो में **ईस्ट कंटेनर टर्मिनल** परियोजना के लिये संयुक्त **भारत-जापान समझौता ज्ञापन** रद्द होने के बाद **भारत, जापान और श्रीलंका त्रिपक्षीय सहयोग को फिर से शुरू करने** पर विचार कर रहे हैं।
- हालाँकि पिछले वर्ष के आर्थिक संकट के दौरान भारत और जापान द्वारा **श्रीलंका का बचाव करने और श्रीलंका की ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में सहायता करने** के बाद से तीनों देश त्रिपक्षीय सहयोग की दिशा में काम कर रहे हैं।
- भारत और जापान एक मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र (FOIIP) का दृष्टिकोण साझा करते हैं।
- भारत तथा जापान **नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रिड कनेक्टिविटी परियोजनाओं, तेल पाइपलाइन हब** के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली के विकास, कनेक्टिविटी एवं पर्यटन तथा शिक्षा जैसी जन-केंद्रित परियोजनाओं पर एक साथ काम कर सकते हैं।
- **राष्ट्रपति विक्रमसिंघे** (श्रीलंका) और भारत के प्रधानमंत्री के बीच **संयुक्त आर्थिक विज़न वक्तव्य (Joint Economic Vision Statement)** निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले निवेश के साथ परिवर्तनकारी परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार करता है।

अभ्यास 'जायद तलवार'

- हाल ही में भारतीय नौसेना के दो जहाज़- **INS विशाखापत्तनम और INS त्रिकंद** द्विपक्षीय अभ्यास **'जायद तलवार'** में हिस्सा लेने हेतु **पोर्ट रशीद**, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात गए।
    - इस अभ्यास का उद्देश्य **दोनों नौसेनाओं के बीच समुद्री साझेदारी को बढ़ावा देना** और क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों की आम समझ को बढ़ावा देना है।
- दोनों देशों के बीच **अन्य द्विपक्षीय अभ्यासों** में शामिल हैं: **इन-UAE बलैट** (द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास), **डेज़र्ट ईगल- II** (द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास) और एक्सरसाइज़ डेज़र्ट फ्लैग-VI।।
- **भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने 1972 में राजनयिक संबंध** स्थापित किये।
    - वर्ष 2022-23 में संयुक्त अरब अमीरात **भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात** गंतव्य था।

और पढ़ें... [भारत-UAE संबंध]

हवाना सिंड्रोम

- हाल ही में केंद्र सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय से कहा है कि वह **भारत में 'हवाना सिंड्रोम'** के मामले पर गौर करेगी। यह बंगलूरू के एक निवासी की [याचिका] के जवाब में था, जिसने भारत में हवाना सिंड्रोम पर जाँच के लिये परमादेश रिट जारी करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया था।
    - **सार्वजनिक प्राधिकरण को अपना कर्त्तव्य निभाने का निर्देश देने हेतु परमादेश रिट जारी की जाती है।**
- हवाना सिंड्रोम **मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों के एक समूह** को संदर्भित करता है जिसमें **बिना किसी बाहरी शोर के कुछ आवाजें सुनना**, मतली, चक्कर और सिरदर्द, स्मृति हानि तथा संतुलन संबंधी समस्याएँ शामिल हैं।
- इसके शुरुआती पीड़ित वर्ष 2016 के अंत में हवाना (क्यूबा) में मिले।
    - हवाना सिंड्रोम के पीछे के कारण पूरी तरह से निश्चित नहीं थे लेकिन **अनुमान यह लगाया गया था कि इससे "ध्वनि संबंधी समस्या"** हो सकती है।
    - कुछ अमेरिकी आधारित अध्ययनों से पता चलता है कि **पीड़ितों को उच्च शक्ति वाले माइक्रोवेव के संपर्क में लाया गया होगा** जिससे तंत्रिका तंत्र क्षतिग्रस्त हो जाता है।
        - उच्च शक्ति वाले माइक्रोवेव की किरणें एक विशेष गैजेट अर्थात् एक **"माइक्रोवेव हथियार"** के माध्यम से भेजी गई होंगी, हालाँकि उनके अस्तित्व का कोई निर्णायक साक्ष्य नहीं है।

और पढ़ें... [हवाना सिंड्रोम], [निर्देशित ऊर्जा हथियार],[याचिका]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-currentaffairs-12-august-2023